मध्यप्रदेश शासन
तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल
——::::000::::——

क्र 979/907/2020/42—1, भोपाल, दिनांक 27 जुलाई 2020

//प्रेस विज्ञप्ति//

वैश्विक महामारी कोविड—19 के कारण उत्पन्न परिस्थितियों को देखते हुए एवं छात्रों के व्यापक हितों की रक्षा हेतु राज्य शासन पूर्ण रूप से चिंतित एवं संवेदनशील है। राज्य के छात्रों की समस्त समस्याओं का निवारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

छात्रों के सर्वव्यापी हितों एवं व्यापक छात्र भावनाओं के दृष्टिगत अंतिम वर्ष के अतिरिक्त अर्थात् अन्य सेमेस्टर 2 से 7 तक के विद्यार्थियों को आंतरिक मूल्यांकन एवं गत वर्ष में उनके प्रदर्शन के आधार पर आगामी कक्षा में प्रोन्नत करने का निर्णय लिया गया है।

अंतिम वर्ष में अध्ययनरत छात्रों के बेहतर भविष्य को सुनिश्चित करना राज्य शासन का सर्वोपरि दायित्व है। ऐसे छात्रों के उच्च शिक्षण हेतु प्रवेश एवं उनके नियोजन को पूर्ण गंभीरता से लेते हुए ऑनलाईन परीक्षा के आयोजन के निर्देश राज्य शासन द्वारा संबंधित प्राधिकारियों को दिये गये हैं। जो छात्र इस ऑनलाईन परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे, उनके लिये बाद में विशेष परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

अर्थात् समस्त तकनीकी पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष के छात्रों की परीक्षाएं ऑनलाईन मोड में निम्नलिखित कार्यक्रम अनुसार आयोजित किया जाना प्रस्तावित हैः—

बी.ई.— सैद्धांतिक परीक्षाएं	24, 26, 28 एवं 31 अगस्त 2020
बी.फार्मेसी— सैद्धांतिक परीक्षाएं	24, 26, 28, 31 अगस्त एवं 2 सितम्बर 2020
प्रायोगिक परीक्षाएं	04.09.2020 से 09.09.2020
डिप्लोमा— सैद्धांतिक परीक्षाएं	27.08.2020 से 07.09.2020
डिप्लोमा— प्रायोगिक परीक्षाएं	08.09.2020 से 14.09.2020
उक्त परीक्षाओं में सम्मिलित न हो पाने वाले छात्रों के लिए विशेष परीक्षाएं (ऑनलाईन/ऑफलाईन)	15, 17, 19, 21 एवं 23 सितम्बर 2020

सेमेस्टर 3, 5 एवं 7 तक के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सत्र 2020—21 हेतु नियमित ऑनलाईन कक्षाऐं दिनांक 17 अगस्त 2020 एवं सत्र 2020—21 में नवीन प्रवेशित (प्रथम सेमेस्टर) छात्रों के लिए 15 अक्टूबर 2020 से प्रारम्भ की जाना प्रस्तावित है।

27/07/20
(डॉ0 एम0आर0 धाकड़)
अपर सचिव
मध्यप्रदेश शासन
तक. शिक्षा, कौ. वि. एवं रोज. विभाग

C:Desktop/Typing/RGPV/Letter